Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to establish a Government Women College at Sahjanwa in Gorakhpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री रवि किशन (गोरखपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र गोरखपुर के सहजनवां में स्त्री शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु महिला महाविद्यालय की अत्यंत आवश्यकता है । हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने वर्ष 2014 में सत्ता संभालते ही देश की बालिकाओं को संरक्षण प्रदान करने हेतु उनकी शिक्षा और उन्हें आगे बढ़ाने के महत्व को समझते हुए 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा दिया था तथा उनकी प्रगति और उन्नति हेतु अनेक योजनाएँ प्रारंभ की थी । सहजनवां में महिला महाविद्यालय की स्थापना श्रद्धेय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के महान लक्ष्य प्राप्ति के लिए अत्यंत आवश्यक है ।

अतः मैं केन्द्र सरकार से आग्रह करता हूँ कि केन्द्रीय सहायता से सहजनवां में एक महिला महाविद्यालय की स्थापना की जाय ताकि वहां के आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में छात्राओं की उच्च शिक्षा का सपना साकार हो सके ।